2025

HINDI — MINOR

Paper : MN-2

(Aadhunik Hindi Kavita : Chhayavad Tak)

Full Marks : 75

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

(आधुनिक हिन्दी कविता : छायावाद तक)

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) सम्प्रति कहाँ क्या हो रहा है, कुछ ना उनको ज्ञान है
है वायु कैसी चल रही, इसका न कुछ भी ध्यान है
मानो भुवन से भिन्न उनका, दूसरा ही लोक है
शशि सूर्य हैं फेर भी कहीं, उनमें नहीं आलोक है

(ख) कौन लेगा भार यह?
कौन विचलेगा नहीं?
दुर्बलता इस अस्थिमांस की–
ठोंक कर लोहे से, परख कर वज्र से,
प्रलयोल्का खंड के निकष पर कस कर
चूर्ण अस्थि पुंज सा हँसेगा अट्टहास कौन?
साधना पिशाचों की बिखर चूर-चूर होके
धूलि सी उड़ेंगी किस दृप्त फूत्कार से?

(ग) विचर रहे थे स्वप्न अवनि में
तम ने था मंडप ताना।
कूक उठी सहसा तरु-वासिनि!
गा तू स्वागत का गाना,
किसने तुझको अंतर्यामिनि।
बतलाय उसका आना!

Please Turn Over

(घ) विस्तृत नभ का कोई कोना
मेरा न कभी अपना होना,
परिचय इतना, इतिहास यही-
उमड़ी कल थी, मिट आज चली।

(ङ) आँसू छलके, याद आ गयी, राजपूत की वह बाला।
जिसने विदा किया भाई को देकर तिलक और भाला।
सदियों सोयी हुई वीरता जागी, मैं भी वीर बनी।
जाओ भैया, विदा तुम्हें करती हूँ मैं गम्भीर बनी।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×3

(क) आधुनिक चेतना के प्रसार में भारतेंदु हरिश्चंद्र के योगदान का वर्णन कीजिए।

(ख) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की कविताओं में प्रकृति चित्रण का विवेचन कीजिए।

(ग) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की कविता में प्रकट जागरण के स्वर पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

(घ) महादेवी वर्मा की कविताओं में विरह वेदना के स्वर पर विचार कीजिए।

(ङ) सुभद्रा कुमारी चौहान की कविताओं का मूल स्वर क्या है? स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×9

(क) जाहिर बातन में अति तेज किसे कहा गया है?

(ख) 'अरुण यह मधुमय देश हमारा' कविता किस पुस्तक से ली गई है?

(ग) 'एक तिनका' किसकी कविता है?

(घ) "सखि, वे मुझसे कह कर जाते"– कथन के वक्ता का नाम बताइए।

(ङ) 'निराला' का पूरा नाम बताइए।

(च) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' के किसी एक काव्य ग्रंथ का नाम लिखिए।

(छ) सुमित्रानंदन पंत के किसी काव्य ग्रंथ का नाम बताइए।

(ज) 'हरिऔध' जी का पूरा नाम लिखिए।

(झ) 'क्या पूजा क्या अर्चन रे' के रचनाकार का नाम बताइए।